आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं की होगी भर्ती, सात अक्तूबर तक करें आवेदन

संवाद न्यूज एजेंसी

सरकाघाट (मंडी)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के तहत बाल विकास परियोजना अधिकारी गोपालपुर स्थित सरकाघाट की ओर से विभिन्न पंचायतों के आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यकर्ता और सहायिका के रिक्त पद भरे जाएंगे। इसके लिए विभाग ने पात्र महिलाओं से आवेदन मांगे हैं। चयनित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को 9,500 रुपये और सहायिका को 5,200 रुपये मासिक मानदेय मिलेगा।

ग्राम पंचायत ढलवान के आंगनबाड़ी केंद्र ढलवान-एक, पोंटा, कोट के प्लासी, थौना के पड़ासला में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की भर्ती होगी। इसके अलावा पटड़ीघाट पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र गुलेला, ढलवान के हरणमझवाड़, आंबलागलु (गुम्हू) के तमलेड़, ढलवान के ढलवान-2, जेहमत के ब्यूहमनोटला, पिंगला के छिम्बा बल्ह-1, बलद्वाड़ा के कारनी, सरकाघाट के सरकाघाट, मसेरन के तालंगरा, गाहर के चंदैश में आंगनबाड़ी सहायिका की भर्ती होगी। वहीं, महुनाग, समसोह के तपोन, फतेहपुर के नघला और रेड़ू, कोट के उखलावारस, नरोला के भगवाण, दारपा, रखोह के जंधरूकलां-1, भांवला के बतैल-2, रोपाठाठर-2, जमणी के सरनोटा आंगनवाड़ी केंद्रों में सहायिका के पद भरे जाएंगे।

चयन के लिए 12 को सीडीपीओ कार्यालय सरकाघाट में होगी स्क्रीनिंग

सीडीपीओ अनिता शर्मा ने कहा कि इच्छुक स्थानीय महिलाएं सादे कागज पर पूरे विवरण और जरूरी दस्तावेजों की सत्यापित फोटोस्टेट प्रतियां सात अक्तूबर तक उनके कार्यालय में जमा करवाएं। चयन के लिए स्क्रीनिंग 12 अक्तूबर को होगी। इसमें आवेदक को मूल दस्तावेजों सहित उपस्थित होना होगा। उन्होंने बताया कि विस्तृत जानकारी के लिए सीडीपीओ कार्यालय गोपालपुर स्थित सरकाघाट में किसी भी कार्य दिवस पर संपर्क किया जा सकता है।

Himexam.com